प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 54 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

स्मैक पावडर के साथ पकड़ाए जिले के चार आरोपी, हुई जेल

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह भा.पु.से. के द्वारा विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र में सघन वाहन चैकिंग अन्तर्राज्यीय थानो की सीमा पर एसएसटी और बहुविभागीय टीम के द्वारा लगातार वाहन चैकिंग करने के निर्देश सभी राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

उक्त आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा, एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्ग दर्शन में थाना कुर्रु के द्वारा दिनांक 24/10/2023 को मेटेवानी आरटीओ चैकपोस्ट पर नागपुर की ओर से आ रही वाहन स्वी ट कार क्र. MP 22 ZB 7863 की चैंकिंग के दौरान 13 ग्राम स्मैक पावडर जिसकी कीमत 50000/रू का एवं वाहन कार क्र. MP 22 ZB 7863 को जप्त किया गया।

कार में सवार व्यक्ति (1) हर्ष सनोडिया उम्र 23 साल निवासी भैरोगंज सिवनी, (2) विश्वास उइके उम्र 24 निवासी मोहगांव सड़क, (3) विवेक सिंह बघेल उम्र 20 साल निवासी लूघरवाड़ा सिवनी (4) हर्ष बरकड़े उम्र 21 निवासी खंडासा सिवनी के विरूध्द धारा 8/22 एन.डी.पी.एस. ऐ ट के तहत कार्यवाही की जाकर आरोपियों को गिर तार कर जेल भेजा गया है।

उल्लेखनीय भूमिका- (1) लक्ष्मण सिंह झारिया थाना प्रभारी कुर्रु, (2) उप निरी. राजेश शर्मा, (3) प्रआर.209 सत्यकुमार इनवाती, (4) प्रआर.568 महेन्द्र परतेती, (5) आर.626 अविनाश पाण्डे, (6) आर.762 बालचंद नगरधने, (7) आर.68 उमाकांत डहाके।

आज दिनेश राय मुनमुन की नामांकन रैली में शामिल होंगे प्रह्लाद पटेल

भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होगी नामांकन विशाल रैली, राशि लाँन में होगी आमसभा

सिवनी यशोः- केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल का शुक्रवार 27 अे टूबर को सिवनी आगमन हो रहा है। श्री पटेल की गरिममय उपस्थिती में सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन नामांकन फार्म विशाल नामांकन रैली के साथ जमा करेंगे। इसके पश्चात श्री पटेल राशि लाँन में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। इस आमसभा के पश्चात श्री पटेल लखनादौन विधानसभा के धनककड़ी में भाजपा प्रत्याशी विजय उईके के समर्थन में आम सभा लेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने जिले के समस्त वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्त्ताओं, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं से विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल पदाधिकारियों, बूथ समितियों के पदाधिकारियों पन्ना समितियों एवं कार्यकर्त्ताओं तथा आमजनों से अधिक से अधिक सं या में नामांकन रैली में शामिल होकर भाजपा की इस नामांकन रैली को एवं इसी प्रकार धनककड़ी में आयोजित आमसभा को सफल बनाने की अपील की है।

उक्ताशय की जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम देते हुये बताया कि विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय द्वारा इस नामांकन रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की गयी है और बताया है कि सिवनी विधानसभा से प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन की नामांकन रैली के लिये समस्त भाजपा के पदधिकारी और कार्यकर्त्ता तथा आमजन 27 अे टूबर दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे भाजपा जिला कार्यालय में एकत्रित होंगे,जहाँ भारत माता का एवं पार्टी के पितृ पुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यापर्ण कर भाजपा प्रत्याशी की यह नामांकन रैली भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर सिंघिया चौक, गांधी भवन से गणेश चौक, छोटा मिशन स्कूल, शुक्रवारी, नेहरू रोड, नगर पालिका चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, पोस्ट आफिस से होकर कले ट्रेड पहुँचेगी जहाँ भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ अपना नामांकन फार्म जमा करेंगे।

सिवनी के बाद लखनादौन विधानसभा के धनककड़ी में भी प्रह्लाद पटेल की आमसभा

नामांकन फार्म जमा होने के पश्चात यह नामांकन रैली राशि लाँन पहुँचकर आमसभा में परिवर्तित हो जायेगी। राशि लाँन में केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल आम सभा को संबोधित करेंगे।

राशि लाँन की आमसभा के पश्चात श्री पटेल धनककड़ी में लखनदौन से भाजपा प्रत्याशी विजय उईके के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। धनककड़ी की आमसभा को में विधानसभा क्षेत्र में निवासरत जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडलों के पदाधिकारी, बूथ समितियों एवं पन्ना समितियों के पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहेंगे।

पंचमी तिथि में विराजी 5 स्थानों पर प्रतिमाओं में 4 महाकाली

27 को हवन भण्डारा एवं 29 को चल समारोह

लखनादौन यशोः- नवरात्रि पर्व के मध्य पंचमी तिथि में नगर के 5 स्थानों में मँया की 5 प्रतिमाएं स्थापित हुई हैं जिनमें सुनरआई वार्ड क्र. 15, ठाकुर बाबा वार्ड क्र. 12, बध्यराज मंदिर शनिधाम, एवं श्री नामदेव जी के निज निवास में महाकाली की प्रतिमा की स्थापना पंचमी तिथि में की गई हैं वही कुंदन कालोनी वार्ड क्र. 14 में दुर्गा जी की प्रतिमा की स्थापना की गई हैं।

हवन भण्डारा व कन्या भोज

पंचमी तिथि में स्थापित सभी प्रतिमा स्थलों में हवन पूजन भण्डारा एवं कन्या भोज का आयोजन 27 अे टूबर को आयोजित किया गया हैं साथ सुनरआई वार्ड क्र. 15 अ बेडकर वार्ड मॉ कालका दरबार में महाकाली मैया की महाआरती का आयोजन किया गया हैं। नगर की श्रद्धालुओं से समितियों ने इस भव्य महाआरती में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की हैं। चूंकि 28 अे टूबर में चंद्रग्रहण हैं इसलिए दिनांक 29 अे टूबर रविवार को सभी प्रतिमाएं नगर भ्रमण हेतु निकलेंगी और चल समारोह के बाद अपने अपने स्थान पर पहुंचेगी। 30 अे टूबर को प्रातः 8 बजे से समस्त प्रतिमाएं स्थापना स्थल से बस स्टैण्ड रघुनाथ कालोनी पेंट्रोल प प चौराहा समनापुर होते हुये विसर्जन स्थल रानीताल में पूजन अर्चन के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया जावेगी।

सरदार पटेल की जयंती मनायेगा कुर्मी समाज



सिवनी यशोः- कुर्मी क्षत्रिय समाज के गौरव एवं भारत देश के पहले उप . प्रधानमंत्री, भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती आगामी 31 अे टूबर को है। सरदार पटेल को किसी जाति में बांधना उचित नहीं है परन्तु उनका जन्म कुर्मी परिवार में हुआ था यह हमारे लिए गौरव की बात है। उक्त उद्गार कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोडिया ने दिए।

आगे श्री सनोडिया ने बताया कि सरदार पटेल की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस साल भी 31 अे टूबर को 11.00 बजे से कुर्मी समाज द्वारा भव्य रुप से मनाई जाएगी। इस आयोजन के लिये 25 अे टूबर को कुर्मी समाज के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक समाज के मंगल भवन में स पन्न हुई।

बैठक में सरदार पटेल की जयंती में प्रतिभा स मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर भव्य रुप से मनाने का निर्णय हुआ, साथ ही विधानसभा चुनाव में समाज के व्यक्ति को दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी की ओर से टिकट नहीं दी गई इस संबंध में भी चिंतन किया गया एवं चुनाव में समाज किस राजनैतिक दल को समर्थन दे इस संबंध में 31 अे टूबर की बैठक में विचार विमर्श किया जायगा। श्री सनोडिया ने सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि सरदार पटेल जयंती मनाने हेतु अधिक से अधिक सं या में मंगलभवन पहंचे।

55 वर्षिय आदिवासी महिला को बाघ ने बनाया अपना शिकार

सिवनी यशोः- दिनांक 25.10.2023को पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी के अरी (बफर) परिक्षेत्र के कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा वनगश्ती के दौरान बीट मोहगांव के वनकक्ष आर.एफ.217 में एक मानव पैर का हिस्सा व समीप में एक साड़ी एवं गले में पहने जाने वाला आभूषण (मंगलसूत्र) पडा दिखाई दिया। क्षेत्र के आसपास तलाशी के दौरान शरीर के अन्य भाग एवं वन्यप्राणी बाघ के पदचिन्ह एवं वन्यप्राणी बाघ द्वारा महिला को घसीटने के निशान मौके पर दिखाई दिये। चूंकि वनक्षेत्र के समीप के गांव रमपुरी की एक महिला जिनका नाम श्रीमति जयवंती पन्द्रे पति टेकचंद पन्द्रे उम्र लगभग55 वर्ष साकिन रमपुरी] तहसील कुरई] जिला सिवनी था दिनांक 21.10.2023 से लापता थी एवं जिसकी तलाश वन विभाग एवं ग्रामीणों द्वारा विगत 03 दिनों से की जा रही थी, उक्त महिला के होने के संदेह के आधार पर गुमशुदा महिला जयवंती पन्द्रे के परिवार वालों को सूचना देकर मौका स्थल पर बुलाया गया। महिला के पुत्र अशोक पन्द्रे एवं पति टेकचंद पन्द्रे ने मौका स्थल पर पड़े मानवीय शरीर के अवशेषों एवं पास में पड़ी साड़ी व गले में पहने जाने वाले आभूषण (मंगलसूत्र) को वन] पुलिस एवं राजस्व तथा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष पहचानकर मृतक की शिना त श्रीमति जयवंती पन्द्रे पति टेकचंद पन्द्रे के रूप में की।

घटना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उप संचालक]पेंच टाइगर रिजर्व]सिवनी के द्वारा मृतक महिला के घर पहुंचकर उनके परिवारजनों को 800000/- शब्दों मेंआठ लाख रूपये का जनहानि क्षतिपूर्ती मुआवजा राशि का चैक सौंपा गया। वनक्षेत्र से लगे गांवों में लगातार मुनादी करवाई जा रही है एवं ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि जंगल के अंदर अकेले न जाये एवं आवश्यक होने पर जंगल में शोरगुल करते हुए चलें] बाघ या अन्य हिसंक वन्यप्राणी दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें।

डी.जे संचालको के विरुध्द कार्यवाही

सिवनी यशोः- श्रीमान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी के दिशा निर्देशानुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले डी.जे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में दिनांक 25 अे टूबर को कार्यवाही करते हुए एलसागर रोड भैरोगंज सिवनी में दुर्गा प्रतिमा भ्रमण के दौरान रात्री करीब 10/30 बजे से 10/50 बजे संगम धमाल पार्टी के संचालक द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने से डीजे संचालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 967/23 धारा 188 भादवि एवं 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का कायम कर डीजे संचालक शुभम बावले के कब्जे से साउंड बो स 04 नग, साउंड सिस्टम 04 नग, मि सर मशीन 01 नग, लाइट 04 नग, एक जनरेटर मौके से जप्त किया गया।

जप्त संपत्ति :- साउंड बो स 04 नग, साउंड सिस्टम 04 नग, मि सर मशीन 01 नग, लाइट 04 नग, एक जनरेटर कुल कीमती करीबन दो लाख पचास हजार रूपये का डीजे उपकरण आरोपी शुभम बावले पिता प्रकाश बावले उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 05 उमरी थाना कटंगी जिला बालाघाट सराहनीय कार्य निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि संतोष बैन एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

केवलारी विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया सघन जनसंपर्क

धनौरा यशोः- के वलारी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने 26 अे टूबर को विधानसभा क्षेत्र के धनौरा मंडल के चरगवां से जनसंपर्क अभियान आरंभ किया,समस्त ग्रामो में जनसंपर्क के दौरान राकेश पाल सिंह ने ग्राम के बुजुर्गों से चरणवंदन कर जीत का आशीर्वाद लिया श्री पाल ने चरगवा के पश्चात बा हनवाड़ा, नोनिया, बोरिया, तिलवारा, स आडोंगरी, देवरी मुल्ला,हरदुली,बरबसपुर,चादेनी, भुरकुड़ी, मड़गवा, देवरी टीका, थावरी,बरेली पहुँचे तथा ग्रामीणों से मिलकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समस्त ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणो से मुलाकात कर श्री पाल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुऐ कहा 2018 में मुझे आपने अपने सेवक के रूप में वोटों के माध्यम से चुना था। पर इस बार के चुनाव साधारण चुनाव नहीं है इस चुनाव में विकास और देश के लिये जिताना आवश्यक है भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिये आवश्यक है देश प्रदेश के विकस के लिये आवश्यक है क्षेत्र का अब और दुगनी गति से विकास सुनिश्चित किया जायेगा। श्री पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों की पार्टी है, जो अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति की सेवा करने का संकल्प लेकर चलती हैं। ग्रामों पर आज राकेश पाल सिंह ने जनसंपर्क किया इस दौरान उन्होंने कहा कि

मैने पाँच वर्ष के कार्यकाल में किसानों के लिये चिंता की जिसकी इस क्षेत्र की प्राथमिकता थी और इस क्षेत्र का आधार, व्यापार सब सब किसानी है। नहरों की मरम त के लिये जो प्रयास हुये है उससे क्षेत्र को बड़ा लाभ होगा और आने वाले समय में एक भी ऐसा खेत नहीं होगा जहाँ पानी न पहुँचे यह भाजपा का संकल्प है। नहरों के मर मतीकरण के लिए जो प्रयास किये गये है उसका काम आचार संहिता के बाद शुरू हो जाएगा। श्री पाल ने ग्रामों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान के बटन दबाने की अपील की इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्त्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

आपकी सेवा करना ही मेरा धर्म है - दिनेश राय

सिवनी यशोः- आज भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक व्यक्ति को सुखी और समृद्ध बनाने के लिये कृत संकल्पित है। हम नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते है और उसी मंशा के अनुरूप मै आपके बीच में पिछले दस वर्षो से आपके विधायक के रूप में काम कर रहा हूँ आपने मेरे काम करने के तरीके को देखा है मेरे पास जो भी आया मैंने उसकी मदद की मैंने इस बात का भेदभाव भी नहीं किया कि कौन किस राजनैतिक दल का है, किस समाज का है हमारा काम एक प्रतिनिधि के रूप में सभी की मदद करने के लिये रहता है परंतु अब चुनाव के समय कांग्रेस के लोग जनता के बीच मेरे बारे में भ्रामक बाते कर रहे है यह चुनाव के समय ही आते है जबकि मै आपके बीच हमेशा रहता हूँ आपकी सेवा करना ही मेरा धर्म है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी का सघन जनसंपर्क

इस आशय की बात सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन अपने विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दौरान विभिन्न ग्रामों में आमजनों के बीच कही।

आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने सांसद डा. ढालसिंह बिसेन एवं भाजपा पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों के साथ प्रातः 10:30 बजे ग्राम चंदेनी से सघंन जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर ग्राम जोगीवाडा, साल्हेगढ, जामुनपानी, पिंडरई, बंजर, अंधियारी, खटकर, लुडगी, सागर, डुलबजा, भारतेंदु, सिरकापार, भौरगढ, भेंडकी, दल्लेटोला, देवतामऊं, दिघौरी एवं समुंदराजा ग्राम पहुंचकर मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आमजनों को संबोधित करते हुए श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि मैने गाँव गाँव के प लगवाकर

आँखों का इलाज कराया, कोरोना काल में अपने क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कराने के लिये तन मन धन दिया। यह कांग्रेसी अपने-अपने घरों के अंदर बैठे रहे। उस भयावह स्थिती में अनेक अज्ञात लोग दिवंगत हुए जिनका विधिवत सनातन धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार कराया गया जिसका कांग्रेसी निर्लज्जता पूर्ण तरीके से मजाक उड़ा रहे है।

दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि कांग्रेस के लोग सत्ता प्राप्त कर विकास की योजनाओं में बंदरबाँट करते है गरीबो के हितो से जुड़ी योजनाओं पर डाका डालते है। मैं सनातन धर्म पर विश्वास करता हूँ उसकी परंपरा के अनुसार जीवन जीता हूँ प्रत्येक मानव में ईश्वर के दर्शन करता हूँ और उसकी सेवा को सौभाग्य मानता हूँ और क्षेत्र की जनता को धर्म के माध्यम से अच्छा मार्गदर्शन प्राप्त हो इसके लिये हमेशा धार्मिक आयोजनो मे सहयोगी रहा हूँ सनातन धर्म विश्व का सबसे श्रेष्ठ धर्म है इसकी महत्ता के लिये पिछले दिनों श्रीराम कथा का आयोजन कराया था जिसमें अनेक दुर्जन शक्तियाँ विघ्न उत्पन्न कर रही थी पर मेरे साथ भगवान और आप थे। जिससे आयोजन सफल रहा। इसके साथ ही श्री राय ने सभी से क्षेत्र के

विकास और जनसेवा के लिये भाजपा को आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान दिनेश राय मुनमुन जी ने सभी के समुंदराजा मे भगवान समुंदराजा के दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं जनसंपर्क अभियान अंतर्गत ग्राम-ग्राम प्रवेश पर ग्रामीण बंधुओं द्वारा` लश लेकर भव्य आगवानी की जाकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं ग्रामीण बंधुओं की उपस्थिति रही।

आज ईनामी दंगल

सिवनी यशोः- प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरा पर्व के शुभ अवसर के पश्चात श्री बजरंग अखाड़ा समिति सिवनी द्वारा 27 अे टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर 12:00 से मठ मंदिर प्रांगण में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया है। समिति द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस दंगल में अन्य प्रदेशों के नामी ग्रामी पहलवानों का आगमन हो रहा है। जिनसे की हमारे जिले के पहलवानों का भी मुकाबला होगा जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है। दंगल समिति ने जिले के सभी दंगल प्रेमी बंधुओ से आग्रह है कि अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर दंगल को सफल बनाएं।

फिरोज खान कांग्रेस के जिला महामंत्री बनाये गये

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता फिरोज खान को जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। राजकुमार खुराना ने फिरोज खान से आशा व्यक्त किया है कि आप अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं म.प्र.कांग्रेस अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी की भावनानुसार कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, कार्यकारी अध्यक्ष द्वय सेवकराम चन्द्रवंशी, मोहनसिंह चड्डेल, राजा बघेल, कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी, इमरान पटेल, विष्णु करोसिया, राजिक अकील, शाहिद नजीर, गेंदालाल भलावी, आजम दीवान अली, सुमित मिश्रा, राजेश मानाठाकुर, शिव सनोडिया, रंजीत यादव, ओमप्रकाष्ठाय, आदित्य मोन्टू भूरा, तनवीर अहमद, रोहेल चैकसे, जोएब जकी अनवर खान, नितिन शु ला, पंकज बाउसकर, जिब्राईल अंसारी, सुनील बघेल सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

दशहरा :केवल उत्सव ही नहीं समाज और राष्ट्र निर्माण का संकल्प

सत्य की स्थापना के लिये शक्ति, शस्त्र और सक्षमता आवश्यक

रमेश शर्मा-

सनातन परंपरा में मनाये जाने वाले तीज त्यौहार केवल उत्सव भर नहीं होते। उनमें जीवन को सुन्दर बनाने का संदेश होता है। दशहरा उत्सव में भी संदेश है। यह संदेश है व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र की समृद्धि का जो इसकी कथा और उसे मनाने के तरीके से बहुत स्पष्ट है। विजय दशमी उत्सव पूरे देश में मनाया जाता है। विभिन्न प्रदेशों में इस उत्सव के नाम अलग हैं मनाने के तरीके भी विभिन्न हैं पर सबमें शक्ति पूजा ही प्रमुख अभीष्ट है। इस उत्सव के दो नाम हैं। एक दशहरा और दूसरा ÷विजय दशमीं÷।

इस आयोजन का एक आदर्शवो य है- ÷असत्य पर सत्य की विजय÷। पुराण कथाओं के अनुसार दो महासंग्राम इस उत्सव की पृष्ठभूमि है। एक भगवान राम और रावण के बीच महायुद्ध। यह युद्ध नौ दिन चला और दसवें दिन रामजी को विजय मिली। दूसरी कथा है माता शक्ति भवानी और महिषासुर के बीच हुये महासंग्राम की। यह संग्राम भी नौ दिन चला और दसवें दिन महिषासुर का अंत हुआ।

महिषासुर पूरी सृष्टि से सत्य और धर्म के विनाश पर आमादा हो गया था। शक्ति भवानी ने उसका अंतकर सृष्टि को सुरक्षित किया। दोनों कथाओं की पृष्ठभूमि नौ दिनों के युद्ध और सत्य विजय की है। शक्ति भवानी ने सत्य की स्थापना के लिये स्वयं चंडी का रूप लिया और रामजी ने विराट शक्ति का आव्हान किया। नौ दिन के भीषण युद्ध के बाद दशवें दिन विजय मिली। इसलिए केवल एक दिन का विजय स्मृति दिवस के रूप में यह उत्सव आयोजन हो सकता था।

किन्तु भारतीय ऋषि मनीषी भविष्य के लिये भी समाज को सचेत रखना चाहते थे इसलिये पूरे दस दिनों का उत्सव विधान बनाया गया और दोनों युद्धकाल के नौ दिनों को नवदुर्गा उत्सव के रूप में शक्ति उपासना से जोड़ा गया। शक्ति के विभिन्न रूप होते हैं। जैसे शारीरिक शक्ति, मानसिक शक्ति, बौद्धिक शक्ति, संगठनात्मक शक्ति सामाजिक शक्ति आदि।

इन नौ दिनों की उपासना में शक्ति के इन सभी आयामों को छुआ गया है। एकांत पूजन उपासना, व्रत, साधना और खाद्य पदार्थ सेवन में शारीरिक शुद्धि, मन की एकाग्रता, बौद्धिक विकास की प्रक्रिया निहित है। नौ दिन की साधना को यदि आयुर्वेद

और योग की भाषा में समझें तो यह कायाकल्प की प्रक्रिया है जो आरोग्य वद्धि और आलौकिक शक्तियों से साक्षात्कार का माध्यम है।

यदि साधना एकांत की है तो प्रति दिन शाम को भजन कीर्तन के माध्यम से समाज का एकत्रीकरण एवं दसवें दिन सामूहिक विसर्जन के माध्यम से सभी समाजों का संगठनात्मक एकत्रीकरण का संदेश है। रामजी का विजय उत्सव मनाने में भी नौ दिन रामलीला होती है और दसवें दिन रावण प्रतीक के रूप में रावण का पुतला जलाया जाता है। दशहरे के दिन शस्त्र और अश्व पूजन होता है। इन नौ दिनों की दिनचर्या का निर्धारण कुछ ऐसा है जिससे हम आरोग्य, मानसिक एवं बौद्धिक सामर्थ्य की वृद्धि, शारीरिक, संगठनात्मक एवं सामरिक सशक्तीकरण की ओर अग्रसर होते हैं।

लंका विजय का संदेश

विजय दशमीं के लिये सर्वाधिक लोकप्रिय कथा श्रीराम जी की लंका विजय करने की है। इस कथा का संदेश समझने केलिये हमें उस महायुद्ध के घटनाक्रम को समझना होगा। न तो रामजी साधारण थे और न रावण। रामजी स्वयं नारायण के अवतार थे और रावण उनका पार्षद जय था जो ऋषि श्राप के कारण धरती पर आया था और नारायण स्वयं उसे लेने आये थे। तब या जय ने अपने स्वामी को न पहचाना होगा? और नारायण ने अपने पार्षद को न पहचाना ? फिर भी मानों लीला की या अभिनय किया। यह अभिनय या लीला समाज को शिक्षित करने के लिये थी। यह संदेश रामजी की युक्ति और पूरी योजना में है।

रावण परम् शक्तिशाली था। उस पर शिवजी की कृपा थी। जबकि रामजी के साथ अनुज लक्ष्मण के अतिरिक्त कोई न था। उन्होंने हनुमान जी को जोड़ा, सुग्रीव को जोड़ा, हनुमान जी माध्यम से विभीषण को जोड़ा तब युद्ध हुआ। कब कौन किससे युद्ध करेगा यह भी निश्चित हुआ। कल्पना कीजिए यदि तंत्र साधना करते समय मेघनाथ पर हमला न किया जाता तो सफलता मिलती। यदि विभीषण रावण वध का सूत्र न बताता तो रावण का अंत हो सकता था।

रामजी के अभियान को सफलता संगठन, आंतरिक अनुशासन होना, सबकी एक राय होना, उचित व्यक्ति को उचित काम देने से मिली जबकि रावण की असफलता का कारण असहयोग, असंगठन था। भाई विरुद्ध हो गया । पति अंततक सहमत न हो सकी । कितने सभासद, कितने अन्य संबंधी रावण से युद्ध न करने केलिये अंत तक कहते रहे। प्रश्न यहाँ उचित और अनुचित का नहीं सबको एकता के सूत्र में बंधकर किसी अभियान में सहभागी बनने का है। सफलता के लिये एकता का, सभी स्वजनों के एक स्वर का संदेश परिवार के लिये भी है और राष्ट्र के लिये भी । जिन परिवारों में मतभेद होते हैं। जिन देशों में शासक के निर्णय का समर्थन समाज नहीं करता वहाँ सदैव समस्या आती है । सामान्य स्थिति में मतभेद हों तो भी चलता है लेकिन युद्ध जैसी आपात स्थिति में भी लोग सहयोग न करें तो राष्ट्र पर संकट फिर आना स्वाभाविक है जैसा श्रीलंका पर घिर गया।

प्रतिपल सावधानी आवश्यक

महासंग्राम के विवरण से यह तो स्पष्ट है ही सफलता के सूत्र यां हैं। पर इस उत्सव में यह संदेश भी है कि सफलता के बाद सदैव सावधान रहना आवश्यक है। सावधानी हटी कि दुष्टें की सक्रियता बढ़ी। युद्ध चाहे महिषासुर के विरुद्ध हुआ हो अथवा रावण के विरुद्ध। इन महायुद्धों का उद्देश्य सत्ता का विस्तार अथवा संपत्ति का हरण नहीं था। न तो देवी ने महिषासुर का वध करके अपनी सत्ता स्थापित की, और न रामजी ने लंका विजय के बाद सिंहासन संभाला।

रामजी ने तो लंका में प्रवेश तक न किया था। विजय के बाद विभीषण को ही सिंहासन सौंपा। यह दोनों महासंग्राम सत्य की स्थापना के लिये हुये। दोनों युद्ध मर्यादा के हरण और सीमा के उलंघन पर हुये। महिषासुर ने दूसरों के राज्य का हरण किया तो रावण ने सती नारी का हरण किया। इसलिए दोनों दंड के अधिकारी बने। इन दोनों लीलाओं में एक और बहुत स्पष्ट संदेश है कि सत्य की स्थापना और सफलता के शीर्ष पर पहुँचने के बाद सावधानी आवश्यक है। सत्य की स्थापना के लिये जितनी शक्ति और समझ की आवश्यकता होती है उतनी सत्य की सुरक्षा के लिये भी होती है। देवताओं के असावधान होने के कारण ही महिषासुर प्रबल हुआ और वनक्षेत्र के संकट का आकलन न करने के कारण ही सीताजी का हरण हुआ। समृद्धि जहाँ उग लुटेरों को आकर्षित करती है वहीं व्यक्ति की बढ़ती प्रतिष्ठा ईर्ष्यालुओं को एकत्र कर देती है। इसलिये सफलता की सुरक्षा के लिये भी प्रतिक्षण सतर्कता की आवश्यकता है।

दशहरा नामकरण

शक्ति भवानी की जीत स्वयं के भीतर अलौकिक शक्ति से हुई और रामजी की जीत स्वयं की शक्ति और संगठन क्षमता से हुई। ये दोनों विशेषताएँ इस उत्सव के नाम में निहित हैं। सामान्यतः दशहरे नाम को तिथि के दसवें अंक से माना जाता है । यह सही है पर दशहरे का एक और अर्थ है । ÷दश÷ का अर्थ गतिमान रहना, चैतन्य रहना और सक्रिय रहना भी होता है। जबकि ÷हरे÷ का आशय नारायण एवं शिव दोनों से है। ÷हर÷ कहा गया शिवजी को और ÷हरि÷ नारायण को। इन दोनों की संधि से शब्द बनता है ÷हरे÷ इसलिये कीर्तन में प्रभुनाम के आगे ÷हरे हरे÷ उच्चारण आता है। ÷हरे÷ में तीनों गुण और पांचों तत्व समाये होते हैं। अब ÷दशहरे÷ का आशय हुआ पाँचों तत्व और तीनों के अनुरुप कार्य करना । यही प्रभु का काज है । इसके लिये सदैव चैतन्य रहना। सत्य की रक्षा और धर्म की स्थापना प्रकृति का कार्य है इसी के लिये ये दोनों युद्ध हुये । इसलिए इस त्यौहार का नाम ÷दशहरा÷ रखा गया

टीन शेड में फांसी के फंदे पर लटके मिले रिटायर जज

भोपाल। हबीबगंज थाना क्षेत्र के चार इमली इलाके में रहने वाले 63 वर्षीय सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिन्हा ने मंगलवार तड़के घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वह पिछले कुछ समय से गहरे अवसाद में थे। इसको लेकर उन्होंने चिकित्सकों से परामर्श भी किया था। उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मेरी पत्नी, बेटा-बहू, बेटी-दामाद किसी को दोषी नहीं ठहराया जाए। मैं नकारात्मक विचारों से परेशान हूं, इसलिए यह कदम उठा रहा हूं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रेम सिन्हा (63) उपांत कालोनी चार इमली में रहते थे। वह वर्ष 2020 में जिला सत्र न्यायाधीश उमरिया के पद से

सेवानिवृत्त हुए थे और फिलहाल वे मप्र मध्यस्थता न्यायाधिकरण में बतौर सदस्य पदस्थ थे। स्वजन ने पुलिस को बताया कि पिछले एक-दो महीने से वह कुछ अवसाद में थे। वह शांत और एकांत में रहना पसंद करने लगे थे।

बाथरूम से बाहर आए और पलंग पर सो गए

पिछली 10 अे टूबर को घरवाले उन्हें एक चिकित्सक के पास भी लेकर गए थे, जहां उनको परामर्श दिया गया था। सोमवार रात वह अपने बेडरूम में थे। रात करीब एक बजे पत्नी की नींद खुली तो वह बिस्तर पर नहीं दिखे। कुछ देर बाद वह बाथरूम से बाहर आए और पलंग पर सो गए। उसके बाद पत्नी भी सो गई। तड़के करीब चार बजे पत्नी की दोबारा नींद खुली तो वह नहीं दिखे। इधर-उधर देखने पर भी जब वह नहीं मिले तो उन्होंने बेटी और मुंबई से आए भाई राकेश से सेना को जानकारी।

टीनशेड में फांसी के फंदे पर लटके मिले

सभी लोग मकान की छत पर पहुंचे तो वे वहां टीनशेड में फांसी के फंदे पर लटके मिले। उन्हें तुरंत ही फंदे से उतारकर सीपीआर दिया गया और इलाज के लिए बंसल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रदेश में गुलाबी ठंड का एहसास, शहरों में पारा गिरा

भापोल। मध्य प्रदेश का मौसम अब धीरे-धीरे बदल रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप तो रात को गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। इस बदले मौसम के मिजाज से प्रदेश के सभी शहरों में रात का पारा 20 डिग्री के नीचे आ गया है। बीती रात पचमढ़ी में सबसे ठंडी रात रही। यहां का पारा 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि बुधवार से रात के तापमान में और गिरावट आ सकती है। फिलहाल, ठंड में ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं होगी, लेकिन नवंबर में ठंड बढ़ेगी। अे टूबर में तीनों मौसम गर्मी, सर्दी और बारिश का ट्रेंड है।

भोपाल में दिन में धूप, रात को सर्दी

राजधानी भोपाल के भी मौसम में अब थोड़ा बदलाव आया है। दिन में तीखी धूप का असर दिख रहा है, लेकिन अल-सुबह और रात में गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है, जो धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। बीते एक ह ते में दिन-रात का पारा तीन से चार डिग्री तक नीचे आया है। बीते छह दिनें में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस और बीते सात दिनें में अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को दिन का पारा 31.9 डिग्री रिकार्ड हुआ और रात का पारा 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक टिव

मौसम विभाग के अनुसार, हवाओं का रुख दक्षिण-पश्चिम था, जो अब बदलकर उत्तर-प्रश्चिमी हो गया है। हवाओं के बदले रुख की वजह से ही दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। फिलहाल, जंगली व पहाड़ी क्षेत्रों में सर्दी अपना असर दिखा रही है। यहां रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस के नीचे है। वहीं प्रदेश के पचमढ़ी, रीवा, उमरिया, मलाजंखंड और मंडला में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। नवंबर के पहले सप्ताह से ठंड का असर और तेज हो सकता है।

बीते 24 घंटों में ऐसा रहा तापमान

बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस खंडवा में दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस मलंझखंड में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगवार को उज्जैन में तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ग्वालियर 32.3 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में 31.6 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में 30.2 डिग्री सेल्सियस, नरसिंहपुर में 32.0 डिग्री सेल्सियस, छिंदवाड़ा में 30.2 डिग्री सेल्सियस, नौगांव में 28.5 डिग्री सेल्सियस, रायसेन में 30.0 डिग्री सेल्सियस और नर्मदापुरम में तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं छिंदवाड़ा, रीवा, सीधी, खरगोन में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

2 लाख 57 हजार 757 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराएं

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता 9 अे टूबर से पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में 2 लाख 85 हजार 379 लाइसेंसी शस्त्र है। जिसमें से अब तक 2 लाख 57 हजार 17 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए हैं। 576 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 1 हजार 705 अवैध हथियार, 426 कार्टिज, 2 हजार 428 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला हैं। ये सभी सामग्री जब्त कर ली गई है। प्रदेश में कुल 391 अंतरराज्यीय नाकों एवं 665 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रदेश में 811 लाईंग स्क्वायड (उड़नदस्ता), 942 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 76 क्विक रिसपांस टीम (यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

एमपी में तेजी से बढ़ रहा डेंगू का खतरा, बिना बुखार के मिल रहे मरीज

भोपाल। मध्य प्रदेश में दिनों दिन डेंगू का खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के हर इलाके में डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो रही है। बीते 24 घंटे में राजधानी भोपाल में डेंगू के 10 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं इस साल अभी तक

कुल भोपाल में कुल 549 मरीज डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। आपको बता दें पिछले साल भोपाल में डेंगू के कुल 675 मरीज मिले थे। वहीं इस साल अभी नवंबर और दिसंबर का महीना बचा है। जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बार डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं।

ग्वालियर में डेंगू के मिले 70 नए मरीज- भोपाल की तुलना में ग्वालियर में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जिला अस्पताल में बीते 24 घंटे में 267 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमें 70 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। जहां डेंगू के कुल मरीजों में 17 बच्चे पाए गए। बता दें ग्वालियर में डेंगू के कुल मरीजों की सं या 643 पहुंच गई हैं।

बिना बुखार के मिल रहे डेंगू के मरीज- राजधानी भोपाल में बिना बुखार के डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो रही है। इस दौरान मरीजों की प्लेटलेट्स लगातार कम होती चली जाती है। जिससे मरीजों के मौत का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल के डॉ टरों ने बताया कि एक मरीज ऐसा मिला जिसमें बुखार के लक्षण नहीं हैं फिर भी उसको थकान और गर्माहट का एहसास हो रहा है। वहीं जब उसकी ब्लड की जांच की जा रही है तो उसमें डेंगू के लक्षण पाए जा रहे हैं।

बच्चियों के अपहरण मामले में नया मोड़, अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह से तार जुड़े होने की आशंका

भोपाल। राजधानी में बच्चियों के अपहरण के मामले में अब एक महिला डॉ टर की तलाश की जा रही है। वहीं गिर तार आरोपियों के तार अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़ते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन महीने की एंजल और ढाई साल की अकीरो नामक बच्ची को भी बरामद किया है। आरोपियों का कहना है कि ये दोनों बच्चियां उन्हें एक महिला डॉ टर ने अपने पास रखने के लिए दिया था, लेकिन मोबाइल की जांच में पता चला है कि उसी महिला डॉ टर के साथ अगवा की गई बच्चियों के सौदे की बात चल रही थी। पुलिस महिला डॉ टर की भी तलाश कर रही।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक कर्फ्यूवाली माता मंदिर के सामने से शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे दो महिलाओं ने 11 महीने की दीपावली और 8 साल की बच्ची काजल का अपहरण कर लिया था। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने इलाके में लगे करीब 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और करीब 60 घंटे की मशक्कत के बाद कोलार रोड स्थित पॉश कालोनी इंग्लिश विला सोसायटी से दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में यहां रहने वाली अर्चना सैनी (36), उसके लिवइन पार्टनर निशांत (31), बेटे सूरज (19), नाबालिग बेटी और बेटे सूरज की गर्लफ्रेंड मुस्कान (20) को गिर तार किया गया था। अपहृत बच्चियों के अलावा परिवार के पास तीन महीने की एंजल और ढाई साल की अकीरो भी मिली थी। पहले तो महिला ने उन्हें अपनी बेटियां बताया था, लेकिन बाद में पता चला कि ये दोनों बच्चियां किसी महिला डॉ टर ने उसे रखने के लिए दी थीं। पूछताछ में आरोपी ज्यादा सहयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन पुलिस जांच में उनके तार अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़ते नजर आ रहे हैं। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी को रिमांड पर लिया जाएगा।

अर्चना सैनी है पूरे गिरोह की मुखिया

पूछताछ में पता चला कि अर्चना सैनी मूलतः पंजाब की रहने वाली है। शादी के बाद वह फरीदाबाद हरियाणा में रहती थी। उसके दो बच्चे सूरज और एक बेटी है। पति से विवाद के बाद वह उसे छोड़कर मुंबई चली गई और इवेंट मैनेजमेंट का काम करने लगी। यहां मैट्रीमोनियल साइट से उसकी मुलाकात निशांत नामक युवक से हुई, जिसके बाद दोनों लिवइन में रहने लगे। निशांत मूलतः केरल का रहने वाला है और मुंबई तथा गोवा में काम करता था। उनके साथ रहने वाली मुस्कान नामक युवती का पूरा नाम मुस्कान बानो है और वह बाराबंकी उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। इंटरनेट के माध्यम से उसकी पहचान अर्चना के बेटे सूरज से हुई थी। करीब छह महीने पहले मुस्कान अपने घर से भागकर सूरज के पास आ गई थी। बच्चों को अगवा करने वाले इस गिरोह की मुखिया अर्चना सैनी है। निशांत भोपाल में रहकर पढ़ाई कर चुका है, इसलिए उसे यहां की भौगोलिक जानकारी है। इसी कारण पूरा गिरोह करीब तीन महीने पहले भोपाल आया। पहले यह परिवार निशातपुरा इलाके में किराए से रहता था, लेकिन जब वहां बच्चों का अपहरण नहीं कर पाए तो कोलार की पॉश कालोनी में शि ट हो गए।

बच्चियों को बेचना चाहते थे आरोपी, महिला डॉ टरकी तलाश

डीसीपी जोन-3 रियाज इकबाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी दोनों बच्चियों को बेचना चाहते थे। पुलिस ने उनके मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग चैक की, जिसमें सौदेबाजी की बात सामने आई है। आरोपियों के घर पर मिली दो अन्य छोटी बच्चियों के बारे में आरोपी महिला का कहना है कि उसे एक महिला डॉ टर ने अपने पास उन्हें रखने के लिए दिया था। इसकी पुष्टि के लिए महिला डॉ टर की तलाश की जा रही है। एक बच्ची का नाम अकीरो बताया गया है, जो जापानी नाम होता है, ऐसे में इस गिरोह के अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बरामद हुई दोनों छोटी बच्चियों के फोटो और हुलिए की जानकारी सार्वजनिक की जा रही है, ताकि उनके परिजनों का पता लगाया जा सके। तब तक के लिए सीडब्ल्यूसी की मदद से बच्चियों को सुरक्षित रखा जाएगा।

दूसरे राज्यों से बुलाया जा रहा आपराधिक रिकॉर्ड

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी निशांत का केरल में धोखाधड़ी तथा मारपीट समेत कई आपराधिक मामले हैं। अर्चना और अन्य आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड हरियाणा और अन्य राज्यों से बुलवाया जा रहा है। बच्चों का अपहरण करने वाले इस गिरोह की जानकारी भी दूसरे राज्यों को दी गई है, ताकि उनके यहां इस प्रकार की कोई घटना हुई हो तो इसका खुलासा हो सके।

स्टेट जीएसटी ने चार सौ संदिग्ध व्यवसाइयों के विरूद्ध की कार्रवाई

भोपाल । विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार निर्वाचन कार्य को स्वच्छ सुचारू तरीके से संचालित करने के लिये प्रवर्तन एजेंसियों को फेक/बोगस इनवाइस जारी करने वाले व्यवसाइयों से मु त में बांटी जाने वाली वस्तुओं के डाटा विश्लेषण कर एवं जानकारी एकत्र कर वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा संदिग्ध कर दाताओं के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वाणिज्यिक कर आयुक्त श्री लोकेश कुमार जाटव के निर्देशन में स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा प्रथम चरण में से टोरल एनालिसिस कर, कर अपवंचन में लिप्त से टर विशेष के अंतर्गत आने वाली एवं इवेजन प्रोन कमोडिटियां जैसे गारमेंट्स/कपड़ों, घरेलू सामान/वर्तन , मोबाईल आदि इले ट्रॉनि स, कास्मेटि स, पानमसाला, लिकर आदि से संबंधित व्यवसाइयों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई थी।

द्वितीय चरण में फेक/बोगस इनवाइस जारी करने वाले व्यावसाइयों के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई के उद्देश्य से वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में संदिग्ध पंजीयत करदाताओं का निर्धारित पैरामीटर्स जैसे रजिस्ट्रेशन के लिये प्रस्तुत दस्तावेज, मोबाइल, पैन आदि का विवरण, प्रस्तुत रिटर्न, इनवर्ड आऊटवर्ड सप्लाई आदि के आधार पर चिन्हांकन किया जाकर भौतिक सत्यापन/निरीक्षण की कार्य योजना बनाई गई।

व्यवसाइयों के पंजीयन प्राप्त करने के लिये उपयोग किये गये दस्तावेजों, पेन नंबर, ई-मेल एड्रेस एवं मोबाइल नंबरों पर दर्ज अन्य नवीन पंजीयनों का डाटा एनालिसिस, फील्ड से प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के साथ किया गया। ऐसे नवीन पंजीयत व्यवसाइयों का भी चिन्हांकन किया गया, जिनके द्वारा स पूर्ण कर-देयता का समायोजन बोगस आईटीसी से किया गया है।

विभिन्न डाटा स्त्रोतों पर उपलब्ध डाटा एवं अन्य राज्यों से प्राप्त सूचनाओं के उक्त पैरामीटर्स के अनुसार सघन विश्लेषण के आधार पर प्रदेश में 396 बोगस करदाताओं का चिन्हांकन किया गया। जिनमें से राज्य क्षेत्राधिकार वाले 179 व्यवसाइयों का भौतिक सत्यापन किया गया। केन्द्रीय क्षेत्राधिकार के 217 व्यवसाइयों पर धारा 67(1) के अंतर्गत निरीक्षण की कार्यवाही की गई। 396 चिन्हांकित व्यवसाइयों में से प्रथमदृष्टया 102 व्यवसायी बोगस/ अस्तित्व हीन/नॉन-फें शनल पाए गए। संदिग्ध/बोगस व्यवसाइयों के द्वारा बिना वास्तविक व्यवसाय के फेक आईटीसी प्राप्त एवं अग्रेषित करते हुए वास्त्विक कर-देयता को इस गलत आईटीसी से समायोजन कर कैश के माध्यम से डिस्पोज होने वाली कर-देयता को प्रभावित कर शासकीय राजस्व को क्षति पहुँचाई जाना संभावित है। प्रथम दृष्टया इन व्यवसाइयों के द्वारा बिना किसी वास्तविक व्यवसाय के केवल फर्जी बिल जारी किया जाकर राशि रुपये 21 करोड़ का कर अपवंचन किया जाना प्रतीत होता है।

संदिग्ध/बोगस पाए गए व्यवसाइयों के विरूद्ध जी.एस.टी. पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ उक्त फर्मों की इनवर्ड एवं आउटवर्ड ट्रेल का विश्लेरषण कर उक्त फर्मों से संबद्ध अन्य फर्मो के विरूद्ध आईटीसी रिवर्सल एवं शास्ति की कार्रवाई की जाएगी।

विशेष आयुक्त श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि प्रवर्तन कार्यवाही से ऐसे बोगस/अस्तित्वहीन/ नॉन-फें शनल व्यवसाइयों के द्वारा बिना किसी वास्तविक व्यवसाय के केवल फर्जी बिल जारी किए जाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम के द्वारा शासकीय राजस्व की क्षति को रोका जा सकेगा और निर्वाचन आयोग की मंशानुसार निर्वाचन कार्य को स्वच्छ सुचारू तरीके से संचालित करने संबंधी निर्देशों के अनुपालन में फेक इनवाइसिंग को नियंत्रित करने के साथ-साथ राजस्व सुरक्षा प्रभावी रूप से सुनिश्चित हो सकेगी।

सी-विजिल ऐप से आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की मिली 2402 शिकायतें

100 मिनट के अंदर सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की अब तक 2402 शिकायतें प्राप्त हुई है। ये सभी शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से मिली है और इन सभी शिकायतों का त्वरित समय में निराकरण किया गया है।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अे टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार किया गया है। यह एप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय हो गया है। एप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो, वीडियो के माध्यम से कर सकता है। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। श्री राजन ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर एप को डाउनलोड कर सकता है।

मतदान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को किया जा रहा जागरूक

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में सतत रूप से मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित हैं। आगामी 17 नव बर को जिले के प्रत्येक आयु वर्ग का मतदाता अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे, इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामवार रैलियों, दीवार लेखन तथा गृह भेंट के माध्यम से जनजागरूकता प्रसारित की जा रही है। इसी तरह स्कूल, कॉलेजों में निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली,मानव श्रृंखला जैसी अनेकों प्रतियोगिताऐं आयोजित करते हुए नवमतदाताओं को जोड़ा जा रहा है।

विगत दिवसों में आयोजित नवरात्रि पर्व के दौरान भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप गरबा तथा गायन प्रतियोगिता आयोजित कर आमजनों से आगामी 17 नव बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई है। इसी तरह जिले में नवाचार करते हुये ग्रामवार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ग्रामवार चुनरी में ग्राम के मतदान हेतु पात्र व्यक्तियों से हस्ताक्षर कराकर आगामी 17 नव बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है।

महा आरती में उमड़ा विशाल जनसमूह, लगाए माता के जयकारे के नारे

बरघाट यशोः- जयदुर्गे महादुर्गे , जय माता दी साथ नगर मे देवी प्रतिमाओं की विदाई हुई। पारंपरिक पर्वो में दशहरा बड़े ही धूम-धाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया।

मंगलवार को दशहरा के दिन प्रतिवर्ष की तरह परंपरा अनुसार रात मे राममंदिर प्रांगण मे महाआरती के बाद स्थानीय जलाशय में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम देर रात से बुधवार की सुबह तक जारी रहा।

दुर्गा मंडपों के पंडाल को उत्सव के दौरान हर संभव मदद कर नगर के सभी आयोजन में एकरुपता लाने का नगर परिषद ने हर संभव प्रयास किया। सभी दुर्गा पूजा समिति द्वारा नगर की सुख शांति समृद्धि के लिए भगवान श्रीराम मंदिर के सामने महाआरती की।

नगर के चारों ओर से देवी प्रतिमाएं राम मंदिर के सामने चल समारोह के पूर्व महाआरती के लिए एकत्रित हुई जहां रात में 8 बजे सभी मंडपों के अध्यक्ष को मंच में बुलाकर सामूहिक रुप से महाआरती की गई। कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, पूर्व पार्षद, नगर के गणमान्य नागरिक व हजारों की सं या मे श्रद्धालुगण स्थित रहे।

प्रशासन का चला डंडा – नवरात्र पर्व के दौरान आचार संहिता के चलते प्रशासन द्वारा दुर्गा मंडपों पर पार्बंदियों लगाई गई थी, रात 10:00 के बाद किसी प्रकार के साउंड को नहीं चलने दिया गया, वही दुर्गा मंडप में होने वाले कार्यक्रमों को भी रात 10:00 बजे के बाद कई बार बंद कर दिया गया। जिसको लेकर कई बार मंडपों के सदस्य नागरिकों मे विरोधाभास की स्थिति प्रशासन के साथ निर्मित हुई, लेकिन नवरात्र के 10 दिनो मे आपसी सामंजस्य और भाईचारे के परिचय देते हुए बरघाट के नागरिकों द्वारा प्रशासन का सहयोग कर शान्ति पूर्ण तरीके से नवरात्र पर्व और दशहरा संपन्न हुआ।

16 दिन में एनफोर्समेंट एजेंसियों ने की 133 करोड़ 88 लाख रुपये से अधिक की कार्रवाई

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर प्रदेश में 9 अ टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है। इस बीच प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। 9 से 24 अ टूबर तक एनफोर्समेंट एजेंसियों (एफएसटी, एसएसटी और पुलिस) द्वारा प्रदेश में 133 करोड़ 88 लाख 77 हजार 215 रुपये की कार्रवाई की गई है।

संयुक्त टीम द्वारा 14 करोड़ 77 लाख 26 हजार 30 रुपये नगद, 23 करोड़ 93 लाख 68 हजार 115 रुपये की अवैध शराब, 9 करोड़ 30 लाख 1 हजार 400 रुपये के मादक पदार्थ, 51 करोड़ 77 लाख 97 हजार 936 रुपये की अमूल्य धातु, सोना-चांदी/ ज्वेलरी तथा 34 करोड़ 36 लाख 83 हजार 734 रुपये की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

अमीन शर्मा निलंबित

सिवनी यशोः-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने अनुभागीय अधिकारी कार्यालय बांधउपसंभाग-3, जल संसाधन विभाग छपारा में पदस्थ अमीन उमेश शर्मा को सौजन्य स्थल पर राजनैतिक लोगों के साथ राजनैतिक चर्चा करने की शिकायत के प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री शर्मा का मु यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी नियत किया गया है।

समारोह पूर्वक आयोजित होगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपे गये विभिन्न दायित्व

सिवनी यशोः- आगामी 01 नव बर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के तैयारियों को लेकर बुधवार 25 अे टूबर 2023 को कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार निर्णय लिया गया कि 01 नव बर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम समारोह के रूप में आयोजित किया जायेगा। मु य समारोह प्रातः 09 बजे स्थानीय पुलिस ग्राउंड मे आयोजित होगा। जिसमें कले टर श्री सिंघल द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

समारोह स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही साथ आगामी 17 नव बर को होने वाले मतदान को लेकर भी मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को 01 नव बर की रात्री को शासकीय कार्यलयों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर कले टर ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने बुधवार 25 अे टूबर को विधानसभा निर्वाचन 2023 की विभिन्न जि मेदारियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सौंपे गए कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

स्वीप गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कले टर श्री सिंघल द्वारा सभी वर्ग के शतप्रतिशत मतदाताओं को गतिविधियों से जोड़ने निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विगत विधानसभा एवं लोकसभा में कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों में का चिन्हांकन किया जाए तथा ऐसे केन्द्रों में आगामी निर्वाचन में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल द्वारा सभी सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों आदि में प्रचार-प्रसार के लिए बैनर-पोस्टर तथा शासकीय कार्यालयों, भवनों में दीवार लेखन के साथ साथ शासकीय कार्यालयों के डाक, बिजली बिल आदि में आगामी 17 नव बर को अनिवार्यतः मतदान की अपील किए जाने के निर्देश दिए।

इसी तरह कले टर श्री सिंघल द्वारा निर्वाचन में कर्मचारी प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने मतदान दलों के गठन, उनके प्रशिक्षण आदि की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं जैसे रैप, शौचालय, बिजली-पानी आदि की व्यवस्थाओं के साथ-साथ मतदान दिवस में दिव्यांगों एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिवसों में अ यार्थियों तथा उनके एजेंटो के लिए लेखा एवं सुविधा ऐप के माध्यम से प्राप्त की जाने वाली निर्वाचन संबंधी अनुमति को लेकर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए।

कले टर श्री सिंघल द्वारा शिकायत सेल, एमसीएमसी, कंट्रोल रूम सहित अन्य शाखाओं के कार्यो की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने परिवहन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए वाहनों की उपलब्धता, रूट चार्ट आदि का अवलोकन कर परिवहन प्रभारी को तथा मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश पीडब्ल्यूडी तथा सारणीकरण में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी नवजीवन विजय, अपर कले टर सीएल चनाप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जाट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान एवं मतगणना को लेकर शुष्क दिवस के आदेश जारी

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 मद्देनजर मतदान दिवस 17 नव बर 2023 को दृष्टिगत रखते हुए 15 नव बर 23 को शाम 6 बजे से लेकर 17 नव बर 23 शाम 6 बजे तक (48 घंटे) एवं मतगणना दिवस 3 दिस बर 2023 को स पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है।

उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त क पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के स पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्राकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से शालीनता पूर्वक दी गई माता को विदाई

छपारा यशोः-15अे टूबर से शुरू हुये शारदीय नवरात्र पर्व की शुरुआत हुई थी जिसका 24 अे टूबर को दशहरे के साथ समापन हुआ नगर में नो दिन तक विभिन्न पंडालों में माता रानी की आराधना में भक्तगण ने कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी प्रतिदिन माता रानी के आरती के पश्चात विभिन्न स्पर्धा आयोजित की जाती गई जस मंडलों का आयोजन भी रहा हवन पूजन के बाद कन्या भोज, भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी सं या में भक्तों की उपस्थिति रही। शारदीय नवरात्र पर्व पर 9 दिन तक आदिशक्ति के विभिन्न रूपों की झांकी सजाकर युवक-युवतियों महिला और पुरुषों द्वारा पूजा की गई अष्टमी का मेला में

कन्या पूजन किया गया। गुरुवार एवं शुक्रवार को माता की मूर्ति का विसर्जन का दौर देर रात तक चलता रहा। विजय दशमी पर्व दशहरा बुधवार को छपारा नगर में प्रति वर्ष अनुसार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस चल समारोह में आसपास के विभिन्न ग्रामो के लोगो ने बड़ी सं या में पहुंचे और दुर्गा पंडालों पर पहुंचकर देवी मां के दर्शन किए। नगर के कई व्यामशाला उसे अखाड़ा निकाला गया जिस पर लोगो ने अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।

कई स्थानों में भंडारा प्रसाद का आयोजन नगर में विजयदशमी दशहरा उत्सव के मौके पर कई स्थानों में भंडारा प्रसाद का आयोजन रखा गया था जिसका स्वाद दशहरा में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लिया,नगर में संजय कॉलोनी चौराहे,उत्कृष्ट विद्यालय के सामने बने व्यापारिक का प्ले स के व्यापारी बन्धुओ के द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया। वही नगर के विभिन्न स्थानों में भी नवमीं और दशहरे के दिन भंडारे का आयोजन रहा।

दशहरा चल समारोह में स्थानीय प्रशासन मुस्तेदी से नजर बनाये हुये था, थाना प्रभारी सौरभ पटेल भी रात भर नजरें बनाएं रहे दशहरा चल समारोह का आयोजन छपारा में शांतिपूर्ण ढंग से रहा बुधवार को छपारा नगर में विभिन्न वार्डो में रखी गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बाजे गाजे के साथ किया गया। सबसे आकर्षक विसर्जन महाराणा प्रताप कॉलोनी का रहा जिसमें अधिकांश महिलाएं एक वेशभूषा में दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा में निकाली जिसमें बड़ी सं या में महिलाएं शामिल रही जिन्होने बेनगांगा नदी तट के विश्राम गृह के घाट में शांति पूर्ण तरीके से विसर्जन किया गया ।

रंजीत वासनिक ने जमा किया नामांकन

सिवनी यशोः- सोमवार 25 अे टूबर 2023 को कुल 01 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 115- सिवनी में अ यार्थी रंजीत वासनिक (गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी) ने अपना नाम निर्देश पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र 115- सिवनी में कुल 10 नाम निर्देशन पत्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114- बरघाट में 4, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116- केवलारी में कुल 6 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117- लखनादौन में 3 नाम निर्देशन पत्र अ यार्थियों द्वारा लिया गया है।

नरसिंहपुर में मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनसभा को किया संबोधित

नरसिंहपुर यशोः- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल को नरसिंगपुर से विधानसभा प्रत्याशी बनाया गया है श्री पटेल ने बुधवार 25 अे टूबर को प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया । नामांकल रैली के दौरान आयोजित जनसभा को मु यमंत्री ने संबोधित भी और कहा कि मुझे संतोष है कि प्रह्लाद सिंह पटेल नरसिंहपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। आज वो नामांकन दाखिल करेंगे इसलिए मैं यहां आया हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस नई भूमिका में प्रह्लाद सिंह पटेल एक नया इतिहास रचेंगे। इसके पूर्व यहाँ से प्रह्लाद पटेल के भाई

आप जीत का रिकॉर्ड बनाएं, हम विकास के रिकॉर्ड बनाएंगे

भाजपा का हर कार्यकर्ता उ मीदवार

बहनों के स मान को कांग्रेस वाले कहते हैं नौटंकी

संघर्ष व्यर्थ नहीं जाने देंगे

केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने भरा नामांकन पत्र

जालमसिंह विधायक हुआ करते थे हमने जलाम सिंह के साथ मिलकर नरसिंहपुर में विकास के जितने काम किये है कांग्रेस ने वैसे काम कभी नहीं किये । उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जिले के विकास के लिए किए गए विकांस कार्य जनता को गिनाए।

श्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताएं और भाजपा को विकास के नये रिकॉर्ड कायम करने का अवसर दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ही है, जो भारत के नए विकास की इबारत लिख सकते हैं। यह बात मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नरसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता को संकल्प दिलाया कि वे भाजपा को वोट दें। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री एवं नरसिंहपुर से प्रत्याशी प्रहलाद पटेल, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, तेंदूखेड़ा से विश्वनाथ सिंह (मुलायम भैया) एवं गाडरवारा से उदय प्रताप सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही

कांग्रेस बंद कर देगी योजनाएं

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस जब-जब सत्ता में आई उसने योजनाएं बंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 15 महीने की सरकार में ही कमलनाथ ने महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को मिलने वाली आर्थिक मदद बंद कर दी थी। जिससे जनता को बहुत परेशानियां हुई। यदि यह दोबारा आए तो फिर यही करेंगे। उन्होंने कहा कि बहनों के स मान को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने नौटंकी कहा, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं की मानसिकतो या है और वे वास्तव में` या सोचते हैं। श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं के स मान की रक्षा की और ये योजना आगे भी जारी रहेगी।

संघर्ष व्यर्थ नहीं जाने देंगे – प्रहलाद पटेल

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री एवं पार्टी प्रत्याशी प्रहलाद पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर से हमारे अपनों के संघर्ष और त्याग

का परिणाम हैं कि आज हम देश और समाज की सेवा करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। नरसिंहपुर की माटी का प्रताप है कि यहां के लोग कभी लालच में आकर वोट नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे अनुज जालम सिंह को साधुवाद कि उन्होंने जिद ठानकर मेरे लिये नरसिंहपुर की सीट छोड़ दी। राजनीति में ऐसे उदाहरण कम ही हैं। उन्होंने कहा चुनाव का अवसर है इसलिए हम वोट मांग रहे हैं, लेकिन हमारे वोट मांगने का उद्देश्य अलग है। हम चाहते हैं कि जनता हमारे विकास, लक्ष्य और नीयत को ध्यान में रखकर हमें वोट दे।

माँ नर्मदा का लिया आशीर्वाद

प्रह्लाद पटेल ने नामांकन रैली में शामिल होने के पूर्व अपने परिजनों एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ गोटेगांव में माँ नर्मदा के दर्शन किये ।नामांकन रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठे वायदे कर जनता को लालच देती है पिछली बार कर्ज माफी का लालच दिया था और किसानों का कर्ज माफ नहीं किया । श्री पटेल`के साथ नामांकन दाखिल करते समय नरसिंगपुर के वर्तमान विधायक एवं उनके छोटे भाई जालम सिंह पटेल उनकी पत्नि श्रीमती पुष्पलता पटेल भी मौजूद रही ।

कांग्रेस की चार सीटों पर हुआ फेरबदल

भोपाल :- मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में लिये कांग्रेस ने 230 विधानसभा सीटों पर अपने उ मीदवार घोषित कर दिये है परंतु प्रदेश के अनेक सीटों पर घोषित उ मीदवारों का जमकर विरोध हो रहा है । कांगेस नेतृत्व भी कार्यकर्त्ताओं के गुस्से के आगे मजबूर होकर टिकिट बदलने में कोई संकोच नहीं कर रहा है ।

बुधवार को कांग्रेस ने चार विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने उ मीदवार बदल दिए है। इन सीटों पर पार्टी की तरफ से तय किए गए उ मीदवारों का विरोध हो रहा था विरोध के स्वर बहुत तेज होने से ही यह अनुमान लगाए जा रहे थे कि पार्टी कोई बड़ा फैसला कर सकती है। कांग्रेस की तरफ से नए उ मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। इसके पहले भी कांग्रेस तीन सीटों पर उ मीदवार बदल चुकी थी । वहीं, अटकलें है कि कुछ सीटों पर कांग्रेस और भी उ मीदवार बदल सकती है।

कांग्रेस ने सुमावली सीट से कुलदीप सिकरवार की जगह फिर से अजब सिंह कुशवाहा को उ मीदवार बनाया है। पिपरिया सीट से गुरु चरण खरे की जगह वीरेंद्र वेलवंशी को उ मीदवार बनाया है। बड़नगर विधानसभा सीट से राजेंद्र सिंह सोलंकी की जगह फिर से मुरली मोरवाल को उ मीदवार बनाया है। जौरा विधानसभा सीट से हि मत श्रीमल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को उ मीदवार बनाया है।

प्रचार सामग्री पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम पता एवं मुद्रण सं या होना जरूरी

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघन ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत अ यार्थियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए छपवाए जाने वाले प फ्लेट के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-ए में किए प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी मुद्रक और प्रकाशकों को निर्देश दिए हैं। सभी मुद्रित सामग्री में प्रकाशक-मुद्रक के नाम के साथ ही सं या का भी उल्लेख करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के तहत कार्यवाही की जायेगी।

सिंहवाहिनी मंदिर से निकली शोभायात्रा रही आकर्षण का केन्द्र



मण्डला यशोः- नवरात्र महापर्व के समापन पर मंगलवार को तडके से शुरू हुआ मां दुर्गा का विसर्जन देर तक तक चला। बुधवार को भी भक्तों के द्वारा माता का विसर्जन किया गया। नगर में जगह-जगह समितियों के द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। सिंहवाहिनी मंदिर से निकाली गई भगवान श्रीराम की शोभायात्रा आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा सिंहवाहिनी मंदिर से उदय चौक, बड चौराहा, बजरंग चौराहा, लालीपुर होते हुए पुनः उदय चौक से बुधवारी से मंदिर पहुंची जहां माता जी का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन स्थल पर पुलिस व नगरपालिका के द्वारा व्यवस्था बनाई गई थी क्रमबद्ध माता जी का विसर्जन किया गया।

रावण दहन कर दिया गया नैतिक मतदान का संदेश

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में 100 फीसदी

मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दशहरा पर्व के अवसर पर स्थानीय जेल ग्राउंड में बुराईयों के प्रतीक रावण का पुतला दहन कर नैतिक मतदान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वे किसी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर स्वैच्छिक मतदान करें। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर, पोस्टर लगाए गए थे। साथ ही जिला स्तर से तैयार किए गए मतदाता जागरूकता के गीत भी बजाए जा रहे थे।

इस अवसर पर अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला ऋषभ जैन, उपसंचालक कृषि मधुअली, मु य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नापड़े सहित संबंधित अधिकारी तथा बड़ी सं या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

25 अ टूबर को एक अ यर्थी ने भरा नामांकन

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत 25 अ टूबर को जिले में एक अ यर्थी द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 106 निवास विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के चैनसिंह वरकड़े द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आज बिछिया तथा मंडला विधानसभा में एक भी अ यर्थी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अ टूबर 2023 नियत है।

स्वीप गतिविधियों में सभी विभाग सहभागिता करें - डॉ. सिडाना

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर के निर्देश

मण्डला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित स्वीप गतिविधियों में सभी विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। ग्राम स्तर तक नवाचार करते हुए मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कू मट, अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कु मार सिंह, सहायक कले टर रवि कु मार सिहाग, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी, कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का स ती से पालन सुनिश्चित करें। सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। एफएसटी एवं एसएसटी की टीमें संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कोलाहल अधिनियम का स ती से पालन कराएं। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी टीएल के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण करें। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत अे टूबर माह के खाद्यान्न का उठाव अगले 3 दिवस में पूर्ण करें। गिरदावरी के कार्य को समय में पूर्ण करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कले टर ने बरेला-मंडला, जहरमऊ-इंद्री आदि सड़कों के निर्माण की कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

19 लाख रूपए की प्रचार सामग्री जब्त

मण्डला। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से गठित लाइंग स्कॉट तथा स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा क्षेत्रों का लगातार भ्रमण तथा चैकपोस्ट के माध्यम से निरीक्षण एवं निगरानी का कार्य करते हुए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम जारगी में वाहन क्रं. एमपी 04 जीबी 9061 की तलाशी लेने पर साड़ी, टी-शर्ट एवं थैला आदि की बोरियाँ जब्त की गई, जिनकी कीमत लगभग 19 लाख 87 हजार 500 रूपए आंकी गई है। संबंधित अधिकारियों द्वारा सामग्री जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

निर्वाचन को निष्पक्ष रूप से संपादित कराने में माईक्रो ऑब्जर्वर्स की भूमिका महत्वपूर्ण - डॉ. सिडाना

माईक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रथम प्रशिक्षण स पन्न

मण्डला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी चुनाव

प्रकिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात किये जा रहे हैं, जिनका प्रथम प्रशिक्षण रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष रूप से संपादित कराने में माईक्रो ऑब्जर्वर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जिन्हें निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। प्रशिक्षण में माईक्रो आब्जर्वर अपने कार्यो एवं गतिविधियों का विस्तृत प्रशिक्षण हासिल कर दायित्वो का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कू मट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने कहा कि चुनाव की प्रकिया में सारे निर्देश और कार्यवाहियां लिखित स्वरूप में है। माइक्रो आब्जर्वर किसी मतदान दलों की कार्यवाही में दखल दिये बगैर सुपरविजन का कार्य करेंगे और विधि और स यक रुप से हो रही मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। माइक्रो आब्जर्वर्स को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी से पूरी तरह दक्ष होना आवश्यक है। ताकि वे आवश्यक पड़ने पर मार्गदर्शन और सहयोग भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के न्द्र में होने वाली विशेष गतिविधियों एवं भेजी जाने वाली संक्षिप्त जानकारी सीधे प्रेक्षक को भेजेगें। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. टीपी मिश्रा एवं डॉ. एसके श्रीवास्तव ने माईक्रो आब्जर्वर्स को उनके दायित्व, कार्यविधियां तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

सचिन तेंदुलकर अचानक पहुंचे कान्हा नेशनल पार्क: परिवार के साथ जंगल सफारी का उठाया आनंद

मण्डला यशोः- मंडला जिले में मौजूद कान्हा नेशनल पार्क में क्रिकेटरों में शुमार सचिन तेंदुलकर अपने परिवार के साथ पहुंचे। जहां सचिन ने परिवार संग जंगल सफारी का आनंद उठाया। दरअसल कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में नए सत्र का पर्यटन की शुरूआत हो गई है। इसी बीच मशहूर हस्तियों के यहां आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। सचिन तेंदुलकर अपने परिवार के साथ यहां घूमने पहुंचे, वहीं उनके इस दौरे को गोपनीय रखा गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे 25 और 26 अे टूबर को कान्हा में सफारी करेंगे। बतादें कि सचिन और उनकी फैमली कान्हा के मुक्की रेंज में ठहरी हैं। वहीं हैरानी की बात तो यह कि सचिन के यहां आने की जानकारी कान्हा प्रबंधन को भी नहीं थी।

मतदान अधिकारी क्रं.-2 का प्रशिक्षण संपन्न

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं.-2 में मतदान अधिकारी नंबर 2 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा संबंधितों को ईव्हीएम मशीन के संचालन, मतदान कक्ष की व्यवस्था, मॉकपोल, सीलिंग प्रक्रिया तथा मतदान अधिकारी क्रं. 2 के दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए संबंधितों को निर्वाचन के कार्य को गंभीरतापूर्वक संपादित करने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बतलाई गई बातें मतदान के दिन बहुत ही मददगार साबित होती हैं। सभी प्रशिक्षणार्थी मतदान की प्रकिया और अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझें तथा अपनी शंकाओं का समाधान भी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त करें। इस दौरान सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

मतदाताओं को प्रेरित करने जागरूकता वाहन रवाना

कले टर ने दिखाई हरी झंडी

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, उप संचालक कृषि मधुअली, परियोजना संचालक आत्मा आरडी जाटव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी संबंधित उपस्थित रहे। यह जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण करते हुए लोगों को जाति, धर्म एवं प्रलोभनों से बचते हुए नैतिक एवं अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित करेगा। वाहन में मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर्स के साथ-साथ ध्वनि विस्तारक यंत्र भी लगाए गए हैं जिसमें जिला स्तर से तैयार किए गए मतदाता जागरूकता के गीत बजाए जाएंगे।

वाहन में मिले 1 लाख 50 हजार रूपए जब्त

निवास में एफएसटी, एसएसटी टीम की कार्यवाही

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से गठित लाइंग स्कॉट तथा स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा क्षेत्रों का लगातार भ्रमण तथा चैकपोस्ट के माध्यम से निरीक्षण एवं निगरानी का कार्य करते हुए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निवास तिराहा में पॉचुंनर क्रं. एमपी 19 सीबी 4700 वाहन की तलाशी के दौरान गाड़ी में सवार गिरीश पांडे के बैग से 1 लाख 50 हजार रूपए बरामद हुए जिसकी ईएमएस पोर्टल पर जब्ती बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

62.54 लीटर शराब जब्त

एफएसटी, एसएसटी, पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा शराब के अवैध निर्माण, क्रय, विक्रय, भंडारण एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पिछले 24 घंटे में जिले में 62.54 लीटर शराब की जब्ती की गई। जानकारी के अनुसार बिछिया थाना अंतर्गत 6 लीटर, ब हनी थाना अंतर्गत 4.68 लीटर, बीजाडांडी अंतर्गत

13.86 लीटर, मंडला में 16 लीटर तथा महाराजपुर में 22 लीटर शराब जब्त करते हुए संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 15 हजार 785 रूपए बताई गई है।

कले टर ने किया जिला कंपलेंट सेल एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत स्थापित जिला कंपलेंट सेल एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सी-विजिल, एनजीआरएस पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा उन पर की गई कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले तथा विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं में स्थापित किए गए चैकपोस्टों में की जा रही कार्यवाही का भी सीसीटीव्ही के माध्यम से अवलोकन किया। इस दौरान अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह एवं सीएल वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय ब हनी बंजर में संभागीय कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजित

मंडला यशोः- 19 अे टूबर 2023 को शासकीय महाविद्यालय, ब हनी बंजर में संभाग स्तरीय महाविद्यालयीन कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ.विजेन्द्र चौरसिया के मु य आतिथ्य एवं डॉ.एस.के.मण्डलोई, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी के विषिष्ट आतिथ्य में स पन्न हुआ। खिलाड़ी - विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये डॉ.चौरसिया ने ओलॉपक खेलो के स्लोगन हायर, स्ट्रांगर एवं फास्टर को अपनाने आग्रह किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.करूणा नेमा ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्षन दिया। प्रतियोगिता की विजेता जबलपुर जिले की टीम रही एवं रनरअप कटनी जिले की टीम रही। इस प्रतियोगिता का संयोजन डॉ.विवेक जायसवाल, डॉ.गुलबहार खान, श्री अनूप परिहार एवं श्री देवेन्द्र बघेल क्रीड़ा अधिकारियों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में चयन कर्ता की भूमिका डॉ.गुलबहार खान एवं डॉ.एस.के.मण्डलोई ने निभाई। इस प्रतियोगिता में विष्वविद्यालय की ओर से डॉ.रमेष शु ला ऑब्जर्वर रहे। इस प्रतियोगिता में मण्डला समेत कटनी, जबलपुर, डिण्डौरी एवं नरसिंहपुर जिलो की टीमो ने अपना दम-खम इस प्रतियोगिता में प्रदर्षित किया। शासकीय महाविद्यालय ब हनी बंजर के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की।

झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र नारी शक्ति है देवी स्वरूपा

मंडला यशोः- चैतन्य देवियों की झांकी शारदीय नवरात्रि पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला मंडल द्वारा चैतन्य देवी की झांकी का भाव आयोजन किया गया जिसमें राजयोग की साधना द्वारा ब्रह्माकुमारी बहने सरकार देवी होने का आभास कराती है। लौकिक संसार में नारी शक्ति और बेटियों के महत्ता को दर्शाती ये झाकियां शहर में आकर्षण का केंद्र बनी है। झांकी का अवलोकन करने के लिए अपार जन समूह उमर पड़ा , एवं देवियों दिव्यता की भूरी भूरी प्रशंसा की इस अवसर पर रानी बहन संजीव जायसवाल, शंभू भाई मैं अपनी प्रस्तुति दी। ममता चोरसिया सुभाष पांडे, आयुष चौरसिया मैं देवियों का पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्वती बहन ममता साहू सरिता बहन प्रीति बहन शक्ति बहन कृष्णा भाई ओमप्रकाश भाई संजू भाई प्रकाश राय और सभी भाई बहनों ने विशेष सहयोग दिया। संपूर्ण कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की संचालिका मीना बहन की मार्गदर्शन में हुआ ।

27 को माईक्रो ऑब्जर्वर एवं 28 को ईव्हीएम कमिशनिंग प्रशिक्षण

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्र मंडला, निवास एवं बिछिया में निर्वाचन कार्य हेतु अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अे टूबर को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक माईक्रो ऑब्जर्वर का (द्वितीय पाली) का तथा 28 अे टूबर को दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक ईव्हीएम कमिशनिंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दोनों प्रशिक्षण आर डीपीजी कॉलेज में होंगे।

थाना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर के आरोपी के विरूद्ध एफआईआर कर पहुंचाया जेल

मण्डला यशोः- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही में जिला बदर के आरोपी आकिब गौरी को घेराबंदी कर गिर तार किया और जिला बदर के आदेश के उल्लंघन पर एफआईआर कर जेल भेज दिया। बता दे कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है एवं मंडला पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आचार संहिता के पालन करवाने एवं चुनाव को निर्विघ्नं, भयमुक्त माहोल में, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु विभिन्न कार्यवाहिया की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिले में पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपराध एवं आपराधिक तत्वों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने, आपराधिक तत्वों के गतिविधियों पर नजर रखने व जिला बदर के आरोपियों को लगातार चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर कले टर के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलग्न रहने के कारण कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदतन अपराधी आकिब गौरी पिता आदिल गौरी 30 वर्ष को निवासी डॉ.अ बेडकर वार्ड मंडला को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला मंडला तथा उसकी सीमा से स बद्ध मध्यप्रदेश राज्य के राजस्व जिले जबलपुर, डिंडौरी, बालाघाट एवं सिवनी की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर जाने का आदेश दिया गया था। अगस्त 2023 को जारी जिला बदर की कार्रवाई के आदेश के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी को जिले की सीमा से बाहर कर दिया था।

थाना कोतवाली पुलिस टीम को जिला बदर के आरोपी की चोरी छिपे जिला बदर की कार्यवाही का उल्लंघन करते हुए वापस मंडला शहर में घुमने की जानकारी प्राप्त हुई। आचार संहिता लगने के बाद सभी जिला बदर के आरोपियों को चौक किया जा रहा हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली को प्राप्त जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को चिलमन चौक के पास से ही घेराबंदी कर पकड़ा गया। हालाँकि उसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पुलिस टीम ने फुर्ती दिखाते हुए दबोच लिया। जिला बदर के आरोपी का कृत्य पर आरोपी के खिलाफभारतीय दंड विधान की धारा 188 एवं मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत थाना कोतवाली में अपराध पंजीबध्द किया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी कोतवाली शफिक खान के नेतृत्व में उप निरीक्षक रवि प्रताप चौहान, सउनि अशोक राणा और प्रधान आरक्षक पुरन इडपांचे, आरक्षक मानसिंह परस्ते, रमेश सिंगोर की अहम भूमिका रही हैं।

अवैध रूप से लोहे का बका लेकर घूमता आरोपी गिर तार

मंडला यशोः- वर्तमान में दुर्गोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण मनाने व विधान सभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक मंडला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर द्वारा अवैध कार्यो पर त्वरित कार्यवाही करने व शांति भग करने के सूचना पर तत्काल करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त तारत य में आज दिनॉक 23ध10ध2023 को ग्राम बोकर से सूचना मिली कि दुर्गेश भांवरे गाँधी चौक बोकर में अवैध रूप से लोहे की बका लिये लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना तस्दीक मौके पर पहुँचकर की गयी जो आरोपी दुर्गेश भांवरे उर्फ टोनी पिता स्व. चूरामन उम्र 32 वर्ष ग्राम बोकर गाँधी चौक में अपने हाथ में लोहे की धारदार बका लिये लोगों को डरा धमका रहा था जहाँ पर लोगों की भीड लग गयी थी आरोपी को हिकमत अमली से पकड़कर उसके हाथ में रखे बका को जप्त किया जाकर आरोपी को धारा 25 (बी) आ र्स ऐ ट में गिर तार किया गया।

ग्राम अहमदपुर में अवैध शराब पर की गई कार्यवाही

ग्राम अहमदपुर से आरोपी दुर्गेश झारिया पिता बच्चू लाल झारिया उम्र 38 वर्ष ग्राम अहमदपुर के कब्जा से अवैध अंग्रेजी शराब 26 पाव जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी ऐ ट पंजीबद्ध किया गया। एवं 01 अनावेदक के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. तथा 02 अनावेदकों पर धारा 107,116(3) जा.फौ. के अंतर्गत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी थाना ब हनी के निर्देशन पर चौकी प्रभारी जैनि शक्ति सिंह यादव, सउनि राजेश सराठे, प्र. आर. पी.एल. पंचेश्वर, आरक्षक उत्तम गोठरिया, अनिल भलावी, विनोद तेकाम, कीर्ति कुमार नगपुरे, म. आर. अनुपा पन्द्राम, सैनिक रामचरण पटैल, टेकचंद जंघेला, कृपाल सिंह कु हरे के द्वारा की गयी ।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297